# बिहार से एमपी आकर पत्रकार और फिर भाजपा नेता बने थे प्रभात झा

## ग्वालियर में ही पीजीवी कॉलेज से बीएससी और माधव कॉलेज से राजनीति शास्त्र में पढ़ाई की, मुख्यमंत्री सहित मंत्रियों और सभी वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

**भोपाल, 26 जुलाई. भाजपा के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रभात झा ने गुरुवार तड़के गुड़गांव के मेदांता अस्पताल में अंतिम सांस ली. बिहार से आकर मध्य प्रदेश में उन्होंने एक मीडिया संस्थान में रिपोर्टर की नौकरी से अपने करियर की शुरुआत की. वह अपने जुझारू और संघर्षशील व्यक्तित्व से करियर में जमीन से शीर्ष पर पहुंचे. बताया जाता है कि उनकी भोपाल में नेताओं और मीडिया में इतनी पकड़ हो गई थी कि इससे पूर्व सीएम उमा भारती असहज महसूस करने लगीं. ऐसा कहा जाता है कि इसी वजह से उन्हें भोपाल से दिल्ली भेज दिया गया था.**

इसके बाद वह मध्य प्रदेश में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बनकर लौटे. प्रभात झा बचपन में अपने एक रिश्तेदार के साथ ग्वालियर के जेसी मिल इलाके में आए. वहां आते ही वह भाजपा और आरएसएस से जुड़े लोगों के संपर्क में आ गए. जल्द ही वह जेसी मिल इलाके के नेता भाऊ साहब पोटनिस के करीबी बन गए और उनके साथ ही रहते थे. उनका ठिकाना भाजपा कार्यालय हुआ करता था. प्रभात झा ने ग्वालियर में ही पीजीवी कॉलेज से बीएससी और माधव कॉलेज से राजनीति शास्त्र में पढ़ाई की. इसके बाद उन्होंने एलएलबी कॉलेज से कानून की



पढ़ाई की. 1986 में बिहार में उनकी शादी रंजना झा से हुई. शादी के बाद वह किराए के मकान में रहने लगे और स्वदेश अखबार में पत्रकारिता करने लगे.


**1993 में उन्हें मीडिया प्रभारी बनाया गया:** उस समय मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी और भाजपा सत्ता के लिए संघर्ष कर रही थी. कुशाभाऊ ठाकरे मध्य प्रदेश में कमान संभाले हुए थे और उन्हें मीडिया में जगह नहीं मिल रही थी. इसके बाद उन्होंने प्रदेश में मीडिया सेंटर स्थापित करने की सलाह दी. इस प्रकार प्रदेश में भाजपा ने मीडिया सेंटर स्थापित किए और भोपाल के मीडिया सेंटर प्रभारी की जिम्मेदारी प्रभात झा को दी गई. उन्होंने अपने काम से मीडिया सेंटर की अलग ही पहचान बनाई. वह पत्रकारों को चुनावों से जुड़ी जानकारी एक जगह पर उपलब्ध कराते थे, जिससे पत्रकार भाजपा के मीडिया सेंटर पर आकर बैठने लगे. झा 1993 से 2002 तक मीडिया प्रभारी और प्रवक्ता रहे.

**इस वजह से प्रभात झा को दिल्ली भेजा गया:** वरिष्ठ पत्रकार देवश्री माली बताते हैं कि जब उमा भारती को दिल्ली से मध्य प्रदेश भेजा गया था, तो उनके कहने पर ही प्रभात झा को भोपाल से दिल्ली भेज दिया गया था. इसका कारण प्रभात झा की मीडिया और नेताओं के साथ अच्छी पकड़ बताई जाती है. 2003 से 2005 तक झा भाजपा के साहित्य एवं प्रकाशन के अखिल भारतीय प्रभारी रहे. इसके बाद 2005 से कमल संदेश के संपादक रहे.

**दिल्ली में भी अपने काम से बनाई पहचान :** प्रभात झा को दिल्ली में पार्टी ने प्रकाशन का काम सौंपा. उन्होंने इस मौके को अवसर में बदला. अपने काम करने की शैली और मेहनत से अच्छी पकड़ बनाई और फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा. इसके बाद उनका कदम बढ़ता गया. राजनाथ सिंह के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर उन्हें संगठन में 2007 में राष्ट्रीय सचिव बनाया गया. इसके एक साल बाद ही अप्रैल 2008 में उन्हें राज्यसभा भेज दिया गया. वह ग्रामीण विकास संबंधी स्थायी समिति के सदस्य रहे. अगस्त 2009 से संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी स्थायी समिति के सदस्य बने.

**2010 में बने मध्य प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष :** दोबारा राज्यसभा के लिए निर्वाचित नहीं होने के बाद प्रभात झा और मजबूत होकर मध्य प्रदेश लौटे. पार्टी ने उन्हें 8 मई 2010 को मध्य प्रदेश भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया. वह दिसंबर 2012 तक प्रदेश अध्यक्ष रहे. इसके बाद 2015 में उन्हें भाजपा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया.

### पार्टी नेताओं ने जताया शोक



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा, केन्द्रीय मंत्री शिवराजसिंह चौहान, पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह, सह प्रभारी सतीश उपाध्याय, विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्रसिंह तोमर, केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, डॉ. वीरेन्द्र कुमार, दुर्गादास उईके, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद जी, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल आदि ने वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व सांसद प्रभात झा के दुखद निधन पर संवेदना व्यक्त की है.

### सीएम डॉ. यादव ने निधन पर जताया गहरा दु:ख



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वरिष्ठ नेता प्रभात झा के निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रभात झा एक सजग जनप्रतिनिधि के साथ ही प्रख्यात लेखक और राष्ट्रवादी विचारक भी थे. उन्होंने विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन किया. इनमें राज्यसभा सदस्य और मप्र भाजपा के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की भूमिकाएं भी शामिल हैं. डॉ. यादव ने कहा कि उनका प्रभात जी के साथ कई वर्ष का संबंध रहा. उन्होंने एक आदर्श जीवन जिया.मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि झा ने अपने राजनीतिक जीवन में मीडिया के साथ आवश्यक समन्वय को हमेशा प्राथमिकता दी. वे निरंतर अध्यनन करते रहते थे. उन्होंने संगठन को सशक्त बनाने के लिए यादगार सेवाएं दीं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से स्व.प्रभात झा की आत्मा की शांति और उनके परिजन, प्रशंसक और विशाल मित्र समूह को यह दु:ख सहन करने की शक्ति देने के लिए प्रार्थना की है.

### राजनैतिक जगत और समाज के लिए अपूरणीय क्षति : शुक्ल



उप-मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने वरिष्ठ नेता, मध्यप्रदेश भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य, प्रभात झा के निधन पर गहन शोक व्यक्त किया है. उन्होंने कहा कि वरिष्ठ राजनीतिज्ञ, पत्रकार, लेखक और विचारक श्री झा का निधन राजनीतिक जगत और समाज के लिए अपूरणीय क्षति है. उन्होंने राष्ट्र-सेवा में आजीवन समर्पित रहे कर्मठ व्यक्तित्व प्रभात झा को श्रद्धांजलि अर्पित की है. उप-मुख्यमंत्री शुक्ल ने दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने, परिजन को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है. वहीं उप-मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने प्रभात झा के निधन पर शोक व्यक्त किया है. उन्होंने श्री झा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की है और दिवंगत आत्मा को श्रीचरणों में स्थान देने की प्रार्थना की है. उप-मुख्यमंत्री श्री देवड़ा मेदांता हॉस्पिटल गुरूग्राम पहुँचे. और उनके परिजन को ढाढ़स बंधाया.


**NOTICE OF SALE**

Offers are invited by **The Administrator of the Specified undertaking of the Unit Trust of India (SUUTI),** for the sale of Commercial Premises at Bhopal, Nashik and Nagpur, through e-auction. The intending bidders are advised to visit the website www.suutiproperty.com for viewing scanned copies of the documents of the property and www.utiitsl.com or www.suutiproperty.com for the detailed Notice of sale and tender document and thereafter visit https://eauction.auctiontiger.net for completing the user registration and participating in the e-auction process.

For queries please contact Senior Manager, UTIITSL at Tel. No. 8451053365/ 8451009211 (Monday to Friday – 9.30 am – 5.30 pm)

The sale of properties will be on "as is where is basis" and will not be sold below the reserve price, as mentioned in the tender document.

**The online tender should be submitted latest by 16.08.2024 till 5.00 P.M.**

**Place: Mumbai**
**Date: 26.07.2024**


## सबसे सस्ती होगी सौर ऊर्जा

### उर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने कहा

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 26 जुलाई.** नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने कहा है कि आने वाला समय सौर ऊर्जा का है. हमें सौर ऊर्जा को घर-घर तक पहुंचाना है क्योंकि ऊर्जा का सबसे सस्ता और सुलभ स्रोत सौर ऊर्जा बनने जा रहा है.

मंत्री शुक्ला ने ऊर्जा विभाग और काउंसिल ऑफ एनर्जी एनवायरमेंट एण्ड वाटर (सीईईडब्ल्यू) के बीच शुक्रवार को मंत्रालय में हुए 3 साल के करारनामे (एमओयू) के बीच चर्चा में ये बातें कही.

उन्होंने सीईईडब्ल्यू की टीम को अन्य राज्यों में किये गये कार्यों का अनुभव मप्र ऊर्जा



विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ साझा करने को कहा. मंत्री शुक्ला के मौजूदगी में ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव और सीईईडब्ल्यू के सीईओ डॉ. अरूणाभ घोष ने तीन साल के एमओयू पर हस्ताक्षर किये. मंत्री शुक्ला ने सबसे पहले काउंसिल का मप्र में स्वागत रते हुए कहा कि निश्चित ही उनके साथ काम करने से मप्र के लोगों को लाभ होगा.

## सेंट्रल बैंक ने क्रेडिट कैम्प में 60 करोड़ के लोन स्वीकृत किए

**भोपाल ,26 जुलाई.** सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया द्वारा क्षेत्रीय स्तर पर मेगा क्रेडिट कैंप का आयोजन किया गया जिसमें भोपाल क्षेत्र की 52 शाखाओं द्वारा आवास ऋण,शिक्षा ऋण ,बिजनेस लोन इत्यादि योजना के लगभग 60 करोड़ के ऋण स्वीकृत किए गए, भोपाल क्षेत्र 6 जिलों का प्रतिनिधित्व करता है आज सभी जिलों में मेगा क्रेडिट कैम्प का आयोजन किया गया इसमें सभी शाखाओं एवं ग्राहकों द्वारा बढ़-चढ़कर भाग लिया गया उक्त केम्पों का आयोजन सेंट्रल बैंक के अंचल प्रमुख तरसेम सिंह जीरा के कुशल मार्गदर्शन में किया गया श्री जीरा एवं क्षेत्र प्रमुख श्री सिन्हा ने रायसेन जिले स्थित बेगमगंज में एवं भोपाल में आयोजित क्रेडिट कैम्प में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई एवं ग्राहकों और बैंक स्टाफ से रूबरू होकर ग्राहकों को स्वीकृति पत्र वितरित किए.


**नाम परिवर्तन**

**पूर्व** में मेरा नाम 'साईमा नवेद हुसैन' (SAIMA NAVED HUSAIN) था. वर्तमान में मेरा नाम 'साईमा हुसैन' (SAIMA HUSAIN) है. अत: अब मैं 'साईमा हुसैन' (SAIMA HUSAIN) नाम से ही जानी जाऊँगी. साईमा हुसैन- पता 147-ए, हजरत निजामुद्दीन कालोनी, हुजूर, भेल भोपाल 462022 मो. 9981831818, 8357062918



**भारतीय मानक ब्यूरो**
**उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय**
**(उपभोक्ता मामले विभाग), भारत सरकार**
**मानक भवन, 9 बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002**

**सांकेतिक विज्ञापन सं. 02/2024/ स्थापना (प्रतिनियुक्ति)**

भारतीय मानक ब्यूरो (BIS), उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, उपभोक्ता मामले विभाग, भारत सरकार के अंतर्गत संविधिक निकाय और देश में मानकीकरण, उत्पाद और प्रणाली प्रमाणन, सोने चांदी के आभूषणों की हॉलमार्किंग, प्रयोगशाला परीक्षण आदि के क्षेत्र में गतिविधियों के लिए जिम्मेदार है. प्रतिनियुक्ति के आधार पर अनुभाग अधिकारी के पद पर रिक्तियों को भरने के लिए केंद्र सरकार/ राज्य सरकार / केंद्र शासित प्रदेश सरकार/ सांविधिक स्वायत्त निकाय के योग्य सेवारत कर्मचारियों से नीचे दिये गए विवरण के अनुसार आवेदन आमंत्रित करता है-

| पद का नाम और वेतन मेट्रिक्स का स्तर | रिक्त पदों की संख्या | तैनाती स्थान और रिक्तियां |
|---|---|---|
| अनुभाग अधिकारी<br>लेवल 7 (रु. 44900-142400) | 17 | कोलकाता -03, चेन्नई-02, मुंबई-02, पटना-01, जमशेदपुर-01, कोच्चि -01 गुवाहाटी-01, राजकोट-01, भुबनेश्वर-01 , रायपुर-01, कोयम्बटूर-01 बंगलोर-01 हुबली-01 |

1. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि एम्प्लॉयमेंट न्यूज रोजगार समाचार में विज्ञापन जारी होने की तारीख से 45 दिन है.
आवेदन कैसे करें-
2. कृपया बीआईएस वेबसाइट- www.bis.gov.in के होम पेज पर 'कैरियर अवसर' टैब के तहत उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन देखें.

(शोएब अख्तर)
निदेशक (स्थापना)
भारतीय मानक ब्यूरो

दिनांक- 27, जुलाई 2024

CBC-08103/ 12 /0005/2425



**फाइल संख्या 19-7/2006-IA-III (98800)**
**भारत सरकार**
**पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय**
**राष्ट्रीय सतत तटीय प्रबंधन केंद्र, चेन्नई में प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) के आधार पर निदेशक के पद को भरना**

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) राष्ट्रीय सतत तटीय प्रबंधन केंद्र, चेन्नई -एक पंजीकृत सोसायटी में प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) के आधार पर निदेशक के पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है - 1,44,200/- 2,18,200/- (स्तर 14) के वेतनमान पर

आवेदन की अंतिम तिथि के अनुसार अधिकतम आयु सीमा 58 वर्ष है

2. पात्रता, नौकरी की जिम्मेदारियों और आवेदन जमा करने के लिए निर्धारित प्रारूप के बारे में विवरण के लिए, कृपया इस मंत्रालय की वेबसाइट www.moef.gov.in या www.ncscm.res.in पर जाएं।
3. आवेदन पत्र रोजगार समाचार में रिक्ति परिपत्र के प्रकाशन की तिथि से 45 दिनों के भीतर निम्नलिखित पते पर पहुंच जाना चाहिए

**निदेशक**
**सतत तटीय प्रबंधन प्रभाग**
**प्रथम तल, अग्नि विंग**
**पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय**
**इंदिरा पर्यावरण भवन, जोर बाग नई दिल्ली-110003**

CBI-13101/11/0004/2024



**भारतीय मानक ब्यूरो**
**उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय**
**(उपभोक्ता मामले विभाग), भारत सरकार**
**मानक भवन, 9 बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002**

**संसूचक विज्ञापन**
**वैज्ञानिक-बी के पद पर भर्ती**
**विज्ञापन सं- 02 (SCB)/2024/HRD**

भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत एक सांविधिक निकाय है जो कि भारत का राष्ट्रीय मानक निकाय है और देश में मानकीकरण, उत्पाद एवं पद्धति प्रमाणन, सोना/चांदी के आभूषणों की हॉलमार्किंग, प्रयोगशाला परीक्षण करने, इत्यादि के क्षेत्र में गतिविधियों हेतु उत्तरदायी है. बीआईएस अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मानकीकरण और प्रमाणन के लिए भी उत्तरदायी है.

बीआईएस विशिष्ट विषयों और वर्गों में वैज्ञानिक 'बी' के पदों के लिए प्रखर, गतिशील युवाओं को उत्कृष्ट करियर अवसर प्रदान करता है. ये पद सातवें वेतन आयोग के अनुसार वेतनस्तर 10 में है और इसके साथ इसमें भत्ते शामिल हैं. वर्तमान में नई दिल्ली में कार्यभार ग्रहण करते समय वेतन लगभग रु. 1,11,780/- होगा.

**1. पदों की संख्या:** नीचे दिए गए विवरण के अनुसार विभिन्न शाखाओं में कुल रिक्तियों की संख्या 15 हैं-

| शाखा | रिक्तियों की संख्या (बैकलॉग रिक्तियां सहित) | | | | | | बेंचमार्कविकलांग व्यक्ति के लिए क्षैतिक आरक्षण (बैकलॉग रिक्तियां सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल | अनारक्षित वर्ग | अ.पि. | अनु.जा. | अनु.ज. जाति | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | |
| केमिस्ट्री | 02 | 01 | 01 | - | - | - | - |
| सिविल इंजीनियरिंग | 06 | 02 | 02 | 01 | - | 01 | 01आईडी एंड एमआई/एमडी* |
| इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग | 07 | 02 | 02 | 02 | - | 01 | 01 आईडी एंड एमआई/एमडी |
| कुल | 15 | 05 | 05 | 03 | - | 02 | 02 |

*क्षैतिज आरक्षण आईडी एंड एमआई/एमडी श्रेणी के लिए निर्धारित किया गया है. हालांकि, आईडी और एमआई/एमडी श्रेणी में उपयुक्त उम्मीदवार उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में, सीटों को विकलांगों की VI/HI श्रेणियों के बीच इंटरचेंज द्वारा भरा जाएगा.

**संक्षिप्त रूप :**
अ.पि.वर्ग अन्य पिछड़ा वर्ग: अनु.जा अनुसूचित जाति, अनुज जाति अनुसूचित जनजाति; आईडी एंड एमआई ऑटिज्म / मानसिक मंदता/ स्पेसिफिक लर्निंग डिसएबिलिटी / मानसिक रोगी, एमडी बहु निशाक्तता; HI-बधिर और श्रवण शक्ति में हास; VI अंध और निम्न दृष्टि

**2. अनिवार्य योग्यता:**

| विषय | अनिवार्य शैक्षिणिक योग्यता | संबंधित गेट (GATE) विषय और इसके कोड |
|---|---|---|
| सिविल इंजीनियरिंग | 1) न्यूनतम 60% प्राप्तांक के साथ (अनु.जा, अनु. ज. जाति के लिए 50%) इंजीनियरिंग या प्रौद्योगिकी या समकक्ष में स्नातक डिग्री. | सिविल इंजीनियरिंग (सीई) |
| इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग | 2) 2022/2023/2024 के (GATE) परीक्षा के वैध अंक. 16.08.2024 (ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तारीख) तक GATE के अंक वैध होने चाहिए. | इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग (ईई) |
| केमिस्ट्री | 1) न्यूनतम 60% प्राप्तांक के साथ (अनु. जा. अनु. ज. जाति के लिए 50%) प्राकृतिक विज्ञान या समकक्ष (केवल केमिस्ट्री) में परास्नातक डिग्री.<br>2) 2022/2023/2024 के (GATE) परीक्षा के वैध अंक. 16.08.2024 (ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तारीख) तक GATE के अंक वैध होने चाहिए. | केमिस्ट्री (सी वाय) |

*(GATE)- इंजीनियरिंग में स्नातक अभिक्षमता परीक्षा

3. आयु सीमा: आवेदन की अंतिम तारीख तक उम्मीदवार की आयु अधिकतम 30 वर्ष तक होनी चाहिए. अनु.जा, अनु. ज. जाति, अ.पि.व, बेंचमार्क विकलांग व्यक्ति, भूतपूर्व सैनिक और बीआईएस के विभागीय उम्मीदवारों के लिए लागू नियमों के अनुसार छूट होगी.

4. विस्तृत विज्ञापन बीआईएस की वेबसाइट www.bis.gov.in पर दिया गया है. उम्मीदवार 27.07.2024 से 16.08.2024 (अंतिम तारीख) तक बीआईएस वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. किसी भी परिस्थिति में आवेदन जमा करने का कोई अन्य माध्यम स्वीकार नहीं किया जाएगा.

**5. आवेदन शुल्क- शून्य .**

बीआईएस बिना कोई कारण बताए इसे संशोधित पुनर्निर्धारित रद्द / स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है. बीआईएस का निर्णय अंतिम होगा और इस मामले में कोई अपील स्वीकार नहीं की जाएगी.

**दिनांक- 27.07.2024**
**स्थान- नई दिल्ली**

**प्रमुख (मानव संसाधन विकास विभाग)**
**भारतीय मानक ब्यूरो**

CBC- 08103/12/0007/2425



**M.P. STATE AGRICULTURAL MARKETING BOARD**
**Office of the Chief Engineer, 26, Arera Hills, Jail Road, Bhopal**
**No./Const./P.Cell/KSN/Jabalpur/24-25/462** **Bhopal, Dated : 24.07.2024**

**NOTICE INVITING TENDER**

Online Percentage Rate E - Tenders are invited from contractors registered with the Office of the Engineer in Chief, M.P. Public Works Department, Government of Madhya Pradesh (Centralized Registration Cell) for Construction of C.C. road with Culvert at Peas and Vegetable yard of mandi Samiti Jabalpur Distt. Jabalpur **Tender Number : 2024_MPSAM_359095 (PAC amount Rs. 392.56 Lakhs),** Construction of Drain and water tank at Peas and Vegetable yard of mandi Samiti Jabalpur Distt. Jabalpur **Tender Number : 2024_MPSAM_359096 (PAC amount Rs. 66.50 Lakhs),** External Electrification work and Installation of High mast at Peas and Vegetable yard of mandi Samiti Jabalpur Distt. Jabalpur **Tender Number : 2024_ MPSAM_359097 (PAC amount Rs. 132.22 Lakhs),** Construction of 40 Mtr. Compound wall & maintenance & Painting work of Existing compound wall, Canteen, Covered Shed, office Building and Rest House at Mandi yard Sahpura Bhitoni Distt. Jabalpur **Tender Number : 2024_MPSAM_359099 (PAC amount Rs. 40.65 Lakhs),** Maintenance of Existing structure & Construction of ladies toilet at mandi Yard Sahpura Niwas Distt. Dindori **Tender Number : 2024_MPSAM_359102 (PAC amount Rs. 7.52 Lakhs),** Construction Soil Testing laboratory & Bank Building and Height Inchreasing of 2 Nos. existing Shed and Maintenance & painting of Existing canteen and 1000 M.T. godown & Shed No. 01, 02, 03 at Mandi yard Mandla Distt. Mandla **Tender Number : 2024_MPSAM_359103 (PAC amount Rs. 52.26 Lakhs).** The following works Tender to be received online up to 5:30 PM **on 20.08.2024.** Technical bid documents with EMD & Financial Offer to be received online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the **http://mptenders.gov.in** as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website **www.mpmandiboard.gov.in**

**Note :-** Any corrigendum in this NIT, if required, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of Construction/Development works and locations & key dates can also be seen on our website **www.mpmandiboard.gov.in**

M.P. Madhyam/115567/2024 **EXECUTIVE ENGINEER (PROJECT CELL)**



**Kolhapur Municipal Corporation, Kolhapur**
**City Water Supply & Drainage Division**

**e-Tender Notice No. 22 for 2024-25**

Kolhapur Municipal Corporation invites e-Tender for the work of **KOLHAPUR WATER CITY SEWARAGE SCHEME BAPAT CAMP NALA UNDER AMRUT 2.0 MISSION Underground Sewerage System For Bapat Camp Zone Under AMRUT 2.0 of Kolhapur Municipal Corporation**

Tal. Karveer Dist. Kolhapur in the State of Maharashtra,

valued at Rs. **116** Cr. Please visit website www.mahatenders.gov.in for detailed information.

sd/-
Add. commissioner
Kolhapur Municipal Corporation
Kolhapur

Date: 25/07/2024



**कार्यालय नगर परिषद चांदामेटा बुटेरिया,जिला छिन्दवाड़ा ( म.प्र )**
**Telephone:** 07161-299012 **Email-cmochandmetabutaria@mpurban.gov.in**

क्र./544/PWD/NP/ 2024 | चांदामेटा दि. 23.07.2024

**// चतुर्थ निविदा सूचना//**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट **https://www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है। **Under SBM{U}2.0**

| टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 2024_UAD_327665_4<br>दि. 24.07.2024 | INTERCEPTION & DIVERSION OF NALLAHS WITH STP WORKS PROJECT OF CHANDAMETA BUTERIYA TOWN UNDER SBM 2.0 | 12 माह<br>42165365/- | 15000/-<br>210827/- | 10.08.2024 |

शर्त -निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन - **https://www.mptenders.gov.in** की वेबसाईड पर किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र मे प्रकाशन नही किया जावेगा।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर परिषद चांदामेटा बुटरिया जिला छिंदवाड़ा**


### नगर तथा ग्राम निवेश तैयार कर रहा है जीआईएस आधारित विकास योजना

**भोपाल, 26 जुलाई.** नगर नियोजन संस्थान द्वारा अभिनव योजना के तहत जीआईएस (जियोग्राफिक इन्फोर्मेशन सिस्टम) बेस्ड विकास योजना तैयार की जा रही है. योजना में नजूल, शीट और पैनल डिजीटाईजेशन का कार्य किया जा रहा है. खुरई विकास योजना 2035 (प्रारूप का कार्य) प्रचलन में है. इसके साथ ही डिंडोरी, नौगॉव, जौरा और सिहोरा नगरों की प्रारूप विकास योजना का कार्य प्रारंभ किया गया है.